## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 17.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **विभिन्न स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तर्जनपदीय अभियुक्त को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त को कब्जे से चोरी के करीब 7.5 लाख रुपये कीमत के आभूषण सहित 37 हजार रुपए नगद बरामद।**
- **अभियुक्त द्वारा थाना कोतवाली नगर व कोतवाली देहात क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर चोरी की घटनाओं को दिया जा चुका है अंजाम। मुख्य अभियुक्त के सहयोगी जीजा को पहले ही दिनांक 13.09.2025 किया जा चुका है गिरफ्तार।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के मार्गदर्शन में आज दिनांक 17.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अन्तर्जनपदीय मुख्य अभियुक्त को चोरी के आभूषण व नगद रुपए के साथ किया गया गिरफ्तार। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 04.07.2025 को आमबाग चुंगी, दिनांक 07.09.2025 को बलखण्डीनाका में अज्ञात चोरों द्वारा विभिन्न चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत कर सीसीटीवी कैमरों व वैज्ञानिक/तकनिकी साक्ष्यों के माध्यम से अभियुक्तों की पहचान करते हुए थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुख्य अभियुक्त के सहयोगी उसके जीजा बरदानी जमादार पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम इंगोहटा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर को दिनांक 13.09.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जबकि मुख्य अभियुक्त फरार था जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 17.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा बांदा रेलवे स्टेशन गोदाम के पास के गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए लगभग 7.5 लाख रुपए कीमत के सफेद व पीली धातु के आभूषण व सहित 37 हजार रुपए नगद बरामद हुए है। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में दो चोरी तथा एक चोरी थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में कारित करना बताया। इस सम्बन्ध में और भी गहनता से जांच की जा रही है कि अभियुक्तों द्वारा और कहाँ-कहाँ चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

**बरामदगी-**

- पीली धातु के आभूषण ( 01 गले का हार, 01 अंगूठी, 02 टंच )
- सफेद धातु के आभूषण( 01 जोड़ी पायल, 04 सिक्के )
- 37 हजार रुपए नगद (चोरी के )
- 01 लोहे की रॉड ( ताला तोड़ने में प्रयुक्त)

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. राजेश जमादार पुत्र पुन्ना जमादार निवासी ग्राम चिल्ली थाना कोतवाली देहात।

**पंजीकृत अभियोग जिसमें बरामदगी की गई-**

1. मु0अ0सं0 606/2025 धारा 331(3)/305/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0 735/25 धारा 331(1)/305/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
3. मु0अ0सं0 203/25 धारा 305(a) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री बलराम सिंह प्र0नि0 कोतवाली नगर
2. श्री विवेक कुमार त्रिपाठी चौकी प्रभारी बलखण्डीनाका
3. श्री मनीष कुमार शर्मा चौकी प्रभारी अतर्रा चुंगी
4. का0 फिरोज
5. का0 गजेन्द्र

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त राजेश उपरोक्त-**

1. मु0अ0सं0 02/2012 धारा 380/454/511 भादवि थाना अतर्रा जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0 180/2009 धारा 110(G) थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
3. मु0अ0सं0 418/2010 धारा 110(G) थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
4. मु0अ0सं0 101/2010 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
5. मु0अ0सं0 343/2006 धारा 380/411/457 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
6. मु0अ0सं0 411/2005 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
7. मु0अ0सं0 535/2009 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
8. मु0अ0सं0 536/2009 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
9. मु0अ0सं0 1147/2008 धारा 380/457 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
10. मु0अ0सं0 130/2009 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
11. मु0अ0सं0 570/2015 धारा 380/411/413/414/454 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद चित्रकूट।
12. मु0अ0सं0 658/2015 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद चित्रकूट।
13. मु0अ0सं0 253/2021 धारा 380/411/454 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद चित्रकूट।